**संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन**
**राजस्व विभाग,**
**राजस्व सचिव का कार्यालय, दमण एवं दीव**
**मोटी दमण.**

# अधिसूचना

प्रशासक, संघ प्रदेश दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली; गोवा, दमण एवं दीव (प्रशासन) विनियम, 1962 (1962 का 1) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दादरा एवं नगर हवेली भूमि सुधार विनियम, 1971, जो संघ प्रदेश दमण एवं दीव में भी विस्तारित है, में प्रस्तावित संशोधनों को एतद्द्वारा प्रकाशित करते हैं । यदि इस पर कोई आपत्ति/सुझाव हों, तो उसे संघ प्रदेश दमण एवं दीव के सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर लिखित रूप में सचिव (राजस्व), राजस्व विभाग, सचिवालय, मोटी दमण-396220 को भेजा जा सकता है ।

## संशोधन

1. दादरा और नगर हवेली भूमि सुधार विनियम 1971 में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

   पूरे विनियम में, केवल लघु शीर्षक को छोड़कर 'दादरा एवं नगर हवेली' शब्दों के बदले 'दमण एवं दीव' शब्द प्रतिस्थापित होंगे ।

2. शीर्षक में, *"भारत के असाधारण राजपत्र, भाग-II, अनुभाग 1, में दिनांक 8 दिसम्बर, 1971 को प्रकाशित] भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय गणतंत्र के 22वें साल में प्रख्यापित"* शब्दों को "संघ प्रदेश दमण एवं दीव तक में विस्तारित" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

3. प्रस्तावना में, "अलवारा और टेरेम टेनर्स को खत्म करने, अलवारा तथा टेरेम धारकों एवं उनके पट्टेधारकों को अधिभोग अधिकार प्रदान करने", "और वितरण", तथा "और भू-स्वामी एवं पट्टेदारों के बीच संबंधों को विनियमित करने" शब्द हटा दिए जाएंगे । "कृषियोग्य भूमि" शब्द के बाद "और" शब्द जोड़ा जाएगा ।

4. धारा 1 की उप-धारा (1) में, ", संघ प्रदेश दमण एवं दीव में यथा विस्तारित" शब्द जोड़े जाएंगे ।

5. धारा 1 की उप-धारा (3) में "ऐसी तारीख को, जो केन्द्र सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत कर सकती है,

बशर्ते कि इस विनियम के अलग-अलग प्रावधानों के लिए अलग-अलग तारीखें नियत की जा सकती हैं तथा इस विनियम के प्रारंभ से संबंधित किसी भी ऐसे प्रावधान के किसी संदर्भ को उस प्रावधान के लागू होने के संदर्भ के रूप में माना जाएगा" शब्दों को "तुरंत" से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

6. धारा 2 की उप-धारा (2) में, "कृषि" शब्द के बाद "और" शब्द को "भूमि" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

7. धारा 2 की उप-धारा (3) के खंड (बी) में, "परन्तु वन भूमि शामिल नहीं" शब्द को लोपित किया जाएगा ।

8. धारा 2 की उप-धारा (7), (8), (20), (30), (31) एवं (34) हटा दी जाएगी ।

9. धारा 2 की उप-धारा (9) में, "अगस्त, 1964 के 20वें दिन", तथा "संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली के लिए भूमि सुधार आयोग नियुक्त किया गया था" शब्दों को हटा दिया जाएगा । इसी उप-धारा में, "तात्पर्य कि" शब्द के बाद "अक्टूबर, 2019 के 19वें दिन" शब्द जोड़े जाएंगे तथा "इस विनियम के मसौदे को संघ प्रदेश दमण एवं दीव में विस्तारित करने के लिए प्रकाशित किया गया था" शब्दों को "जो" शब्द के बाद जोड़ा जाएगा ।

10. पूरे प्रधान विनियम में 'celling' शब्द 'ceiling' (अधिकतम सीमा) से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

**11.** धारा 2 की उप-धारा (14) में, "केन्द्रीय सरकार" शब्द "संघ प्रदेश दमण एवं दीव के प्रशासक" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

12. धारा 2 की उप-धारा (18) में, "lendlord" शब्द "landlord" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

13. धारा 2 की उप-धारा (19) में, "दादरा एवं नगर हवेली भूमि सुधार प्रशासन विनियम, 1971" शब्द "गोवा, दमण एवं दीव भूमि सुधार संहिता, 1968" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

14. धारा 2 की उप-धारा (22) के खंड (iii) में, 'case' शब्द 'cash" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा एवं स्पष्टीकरण 3 में, 'broughter' शब्द 'brother' शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

15. धारा 2 की उप-धारा (22) के खंड (iii) में 'women' शब्द 'woman" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

16. धारा 2 की उप-धारा (29) का खंड (ii) लोपित कर दिया जाएगा एवं खंड (iv) में, "किन्तु धारा 5 में सरकार द्वारा संदर्भित के अंतर्गत एक अलवारा होल्डर्स, एक टेरेम होल्डर्स एवं एक अस्थाई पट्टेदार शामिल नहीं" लोपित किया जाएगा ।

17. मुख्य विनियम में, अध्याय II संपूर्ण रूप से हटा दिया जाएगा ।

18. धारा 7 की उप-धारा (ए) में, "भूमि, जो कृषि कार्य के लिए उपयुक्त नहीं हो या जिसका उपयोग नहीं किया जाता हो" शब्द "भूमि, जिसे नियत तारीख के पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा गैर-कृषियोग्य भूमि के रूप में घोषित किया गया हो" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

19. धारा 7 में उप-धारा (एफ) लोपित किया जाएगा ।

20. धारा 8 की उप-धारा (1) एवं उसके खंडों में, 'provisional', 'celling' एवं 'hectores' शब्द क्रमश: 'provision', 'ceiling' एवं 'hectares' शब्द से प्रतिस्थापित किए जाएंगे । खंड (i) में अंक "7.5", अंक "6.071" से प्रतिस्थापित होगा । खंड (ii) में अंक "11" अंक "8.91" से प्रतिस्थापित होगा । खंड (iii) में अंक "16" अंक "15" से प्रतिस्थापित होगा ।

21. धारा 8 की उप-धारा (2) में, 'falling under more' शब्द के बाद आया 'that' शब्द 'than" शब्द से प्रतिस्थापित होगा एवं संख्यात्मक अंक '1-45' अंक '1.45' द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

22. धारा 9 की उप-धारा (1) में "बशर्ते कि व्यक्ति संयुक्त परिवार से हो, ऐसे परिवार का प्रत्येक वयस्क पुरूष सदस्य प्रक्रिया हेतु योग्य होगा :-" शब्द हटा दिए जाएंगे ।

23. धारा 9 की उप-धारा (1) के खंड (i) में, 'possesn' शब्द 'possess' शब्द द्वारा प्रतिस्थापित होगा ।

24. धारा 9 की उप-धारा (1) के खंड (ii) में, 'family, so' शब्द के बाद आया 'such' शब्द 'much' शब्द से एवं 'posses', शब्द 'possess' शब्द द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

25. धारा 9 की उप-धारा (2) में, 'farming society' शब्द 'family' शब्द द्वारा प्रतिस्थापित होगा ।

26. धारा 9 की उप-धारा (3) में, 'possessed' शब्द 'possess' शब्द द्वारा प्रतिस्थापित होगा ।

27. धारा 9 में उपधारा (5) हटा दी जाएगी।

28. धारा 10 की उपधारा (1) के खंड (ख) के परंतुक में, "quit" शब्द "writ" शब्द द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा; "बशर्ते कि ऑर्गनाइजैको एग्रोरिया के आर्टिकल 27 के तहत भूमि के किसी भी हस्तांतरण को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा:" और "आगे" शब्दों को हटा दिया जाएगा।:"

29. धारा 10 की उपधारा (2) में, "दूसरा" शब्द हटा दिया जाएगा और शब्द "tahe" को "that" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

30. धारा 11 की उपधारा (3) में, "पंजीकृत जब तक कि एक घोषणा" शब्दों के बाद "में" शब्द जोड़ा जाएगा ।

31. प्रधान विनियम के अध्याय IV में, "मुआवजा और अधिभोग अधिकार" शीर्षक के बजाय "मुआवजा" के रूप में पढ़ा जाएगा।

32. प्रधान विनियम के अध्याय IV में, धारा 13, 18, 19 और 20 हटाई जाएंगी।

33. धारा 14 में "वहाँ भुगतान किया जाएगा" शब्दों से पहले "(1)" जोड़ा जाएगा" तथा शब्दों "और धारा 13 एवं धारा 16 की उप-धारा (5) के प्रावधान, जहाँ तक हो सके, ऐसी भूमि के संबंध में लागू होंगे जैसे कि वे किसी ऐसी भूमि के संबंध में लागू होते हैं जिसमें अलवारा या टेरेम प्रदान किया गया हो" को हटाया जाएगा ।

34. धारा 14 में, उप-धारा (2) जोड़ी जाएगी जो निम्नानुसार पढ़ी जाएगी:

"(2) जहां निहित तिथि पर, कोई भवन या अन्य संरचना है, वहां ऐसे देय मुआवजे को ऐसे भवन या संरचना के मूल्य के बराबर राशि द्वारा बढ़ाया जाएगा जो कि निर्धारित प्राधिकारी द्वारा बनाए गए ऐसे नियमों के अनुसार निर्धारित किया जा सकता है।"

35. धारा 16 की उपधारा (1) में, "कोई", "अलवारा धारक या टेरेम-धारक, जैसा भी मामला हो," और "नियुक्त" शब्दों को क्रमशः "हरेक", "भू-स्वामी" एवं "प्रभाजन" शब्दों से प्रतिस्थापित किया जाएगा। शब्द "अध्याय III के तहत सरकार में निहित है" को शब्द "पट्टेदार द्वारा धारित" से पहले जोड़ा जाएगा; शब्दों "जिसके संबंध में एक अलवारा या एक टेरेम प्रदान किया गया है और जिसके संबंध में यह समझा जाता है कि धारा 4 के तहत पट्टेदार को अधिभोग अधिकार प्रदान नहीं किया गया है" को हटा दिया जाएगा।

36. धारा 16 (2) में, शब्द "(5)" और "13" क्रमशः "(2)" और "14" द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएंगे; शब्द "अलवारा-धारक या टेरेम-धारक या" हटा दिए जाएंगे।

37. धारा 17 में, "नकदी में" शब्द हटा दिए जाएंगे।

38. धारा 21 में, जहाँ कहीं भी "अलवारा धारक, टेरेम धारक," शब्द हों, उन्हें "भू-स्वामी" शब्द द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

39. धारा 21 की उप-धारा (3) में, शब्द "map" को "may" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

40. धारा 21 की उप-धारा (5) में, "therefor" शब्द "thereof" शब्द द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

41. धारा 22 की उप-धारा (1) खंड ए) में, शब्द "एक अलवारा या टेरेम, दिया गया है" को हटा दिया जाएगा।

42. धारा 22 की उप-धारा (1) में खंड एफ), एच) और जे) को हटा दिया जाएगा।

43. प्रधान विनियम में, धारा 23 को हटा दिया जाएगा।

44. धारा 24 की उपधारा (1) में, शब्द "धारा 13 या" हटा दिया जाएगा।

45. प्रधान विनियम में, धारा 25 को हटा दिया जाएगा।

46. धारा 26 की उपधारा (1) में, खंड (i) को हटा दिया जाएगा; खंड (ii) में "अध्याय III" शब्दों के बाद शब्द "(ii)" तथा शब्द "और" हटा दिए जाएंगे; खंड (ii) में "किसी व्यक्ति के अधीन अधिक कृषि भूमि हो" से पहले, शब्द "(i)" जोड़ा जाएगा।

47. धारा 27 की उपधारा (1) में, खंड (v) हटा दिया जाएगा।

48. धारा 29 की उपधारा (1) में, "सदस्य" शब्द "तरीके" शब्द से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

49. धारा 29 की उपधारा (3) में, "या तो एकमुश्त में या में" शब्दों को "आबंटिती" शब्द के बाद जोड़ा जाएगा और "सालाना" शब्द हटा दिया जाएगा।

50. धारा 32 की उपधारा (4) में, शब्द "एक सदस्य" हटा दिया जाएगा।

51. धारा 34 की उप-धारा (2) में, "दो सौ और पचास रुपये" शब्दों को "पच्चीस हजार" शब्दों से प्रतिस्थापित किया जाएगा; "भू-स्वामी की ओर से विहित प्राधिकारी द्वारा यथानिर्धारित प्रकार से और ऐसी शर्तों के अधीन (भू-स्वामी को किराए के भुगतान के संबंध में शर्त सहित) पट्टे पर दिया जा सकता है, और ऐसा प्रत्येक पट्टा धारा 32 के तहत प्रदत्त पट्टा माना जाएगा" शब्दों को "सरकार के पास सभी ऋण भार से मुक्त होगा।" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

52. प्रधान विनियम में, धारा 35, 36, 37, 38, 39, 40, 42 और 43 हटाए जाएंगे।

53. धारा 44, 45, 46 और 47 ए में "समाहर्ता" शब्द "अपीलीय प्राधिकारी" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

54. धारा 45 की उपधारा (3) में, शब्द "enquiryesed nasp mayeem" को "summary enquiry, as he may deem". शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

55. धारा 46 में, शब्द “dh, ias,” और “aub motu” क्रमशः “order” और “suo motu” शब्दों से बदले जाएंगे।

56. धारा 47ए में, "या इस संबंध में उनके द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति" शब्द को "प्रशासक" शब्द के बाद जोड़ा जाएगा; शब्द " at " को “his own cost” शब्द से पहले जोड़ा जाएगा; शब्द “Parties rot not to be represented by legal by legal practitioners before prescribed authority etc.” हटाए जाएंगे।

57. धारा 48 में, "सिविल कोर्ट" शब्द के बाद "जबकि" शब्द हटा दिया जाएगा।

58. धारा 50 में, "या अधिभोग मूल्य", "संदर्भ के रूप में", "धारा 4 की उपधारा (5) के खंड (ii) में संदर्भित पुनर्स्थापना की तारीख को” और “या जिस पर किरायेदार को धारा 42 के तहत भूमि पर अधिवासी माना जाता है” हटा दिया जाएगा।

59. धारा 53 में, शब्द "पाँच सौ" को "पचास हजार" शब्दों से प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा।

60. धारा 56 की उपधारा (2) में खंड (ए), (बी), (जी), (एल), (पी), (क्यू), (आर), (एस), (टी), (यू) और (वी) लोपित की जाएगी।

61. धारा 56 की उपधारा (2), खंड (ग) में, शब्द "दूसरा" हटा दिया जाएगा।

62. धारा 56 की उप-धारा (2), खंड (एफ) में, "धारा 13 की धारा (5)" शब्दों को "धारा 14 की धारा (2)" द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

63. धारा 56 की उपधारा (2), खंड (के) में, शब्द "खंड 13, या" हटा दिया जाएगा।

64. धारा 56 की उपधारा (2), खंड (डव्ल्यु) में, शब्द " धारा 55 की उपधारा (2)” को हटा दिया जाएगा।

65. प्रधान विनियम में, अनुसूची I और अनुसूची II को हटा दिया जाएगा।